ईवीएम का करंट इटली में लगना चाहिए : शाह

बिहार शरीफ में गरजे गृहमंत्री अमित शाह, विपक्ष को भी घेरा

नालंदा, 30 अक्टूबर. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को नालंदा जिले के हिलसा में आयोजित एक विशाल चुनावी रैली को संबोधित करते हुए विपक्ष पर तीखा हमला बोला और और केंद्र और व्रज्य सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखा.

उन्होंने कहा कि यह चुनाव किसी मंत्री- विधायक को चुनने का नहीं, बल्कि भेष बदलकर आने वाले जंगलराज को रोकने का है. केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने जनता से अपील की कि छह तारीख को ईवीएम का बटन इतने जोश और गुस्से से दबायें कि उसका करंट इटली तक पहुंचे. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी ने बिहार को विकास की नई दिशा दी है और अब जरूरत है मोदी नीतीश की नींव पर नई इमारत खड़ी करने की. केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि 2005 से पहले पूरा बिहार जंगलराज की गिरफ्त में था, जहां हत्या, अपहरण और फिरौती उद्योग बन चुके थे. उन्होंने आरोप लगाया कि लालू राबड़ी शासनकाल में 38 नरसंहार हुए.

बिहार विस चुनाव प्रदेश को बदलने की लड़ाई : तेजस्वी

दरभंगा. राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने गुरूवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव सिर्फ विधायक बनाने या बनने की लड़ाई नहीं है बल्कि प्रदेश को बदलने की लड़ाई है. यादव ने आज गौड़ाबौराम विधानसभा के गौड़ाबौराम उच्च विद्यालय के मैदान मे चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार पूरे देश की नजर बिहार पर है और यदि बिहार बदलेगा तो बंगाल और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में भी बदलाव का रास्ता खुलेगा. राजद नेता ने कहा, पार्टी ने हमेशा अपने साथियों को आगे बढ़ाया है. उन्होंने कहा कि अफजल अली को पटना बुलाकर टिकट दिया गया, लेकिन गठबंधन धर्म निभाना भी जरूरी है.

> गृहमंत्री अमित शाह ने बताया कि 2005 की तुलना में 2024 में हत्या में 20 प्रतिशत, डकैती में 80 प्रतिशत और फिरौती में 80 प्रतिशत की कमी आई है जो नीतीश सरकार की उपलब्धि है. उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुये कहा कि तीन महीने पहले राहुल बाबा ने घुसपैठिया बचाओ यात्रा निकाली थी, लेकिन हम तय करके आये हैं कि एक-एक घुसपैठिए को चुनचुन कर बाहर निकालेंगे.

केजरीवाल का निर्दलीय प्रत्याशी को समर्थन

▶ अंता उपचुनाव में राजनीति का नया तिकोना स्थापित

नईदिल्ली, 30 अक्टूबर. राजस्थान के अंता विधानसभा क्षेत्र में सियासत में अचानक हलचल आई है. ऐसा नहीं रहा, जिस तरह यहां हमेशा बीजेपी और इंडियन नेशनल कांग्रेस का द्वंद्व रहा है, इस बार उसमें एक नए राजा का उदय होने जा रहा है.

अरविन्द केजरीवाल अधारित आम आदमी पार्टी (आप) ने विधानसभा उपचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीना को खुलकर समर्थन देने का फैसला किया है. इस समर्थन से उपचुनाव का समीकरण अब दो पार्टियों की जंग से बदलकर तीनों-तरफा मुकाबला की ओर बढ़ गया है. 11 नवंबर को वोटिंग होगी और 14 नवंबर को

परिणाम सामने आएगा. पिछले कई चुनावों में यह क्षेत्र मुख्य रूप से कांग्रेस और भाजपा के बीच द्वंद्व का रहा है. लेकिन अब इस बार सबकुछ बदलने वाला है. भारतीय राजनीति के सबसे चर्चित चेहरे अरविंद केजरीवाल ने अनसुने मंच से उठ कर इस सीट की दिशा बदल दी है. उन्होंने वहां निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा का समर्थन करने की घोषणा कर दी है, जिनकी अपील उन्होंने सोशल-मीडिया के माध्यम से प्रकाशित की थी.

> मीणा ने ट्विटर (एक्स) पर लिखा था कि वे कांग्रेस-भाजपा के राजनीतिक विकल्पों से ऊब चुके जनता को नया विकल्प देना चाहते हैं. उन्होंने लिखा- नयी और सही राजनीतिक व्यवस्था, बदलाव के लिए मैं अंता विधानसभा उपचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी हूं. आप से अनुरोध है कि मुझे समर्थन व सहयोग दें. इसके जवाब में केजरीवाल ने रिप्लाई किया. नरेश जी, आम आदमी पार्टी पूरी तरह से आपके साथ है. कांग्रेस और भाजपा के बीच लंबे समय से चल रही सीधी लड़ाई में तीसरे खिलाड़ी का प्रवेश अपने आप में रणनीतिक बदलाव का सूचक है.

दो पाकिस्तानी नागरिकों को चीन अंतरिक्ष संबंधी प्रशिक्षण देगा

जिक्क़ान, 30 अक्टूबर. चीन दो पाकिस्तानी नागरिकों को अंतरिक्ष में जाने संबंधी प्रशिक्षण देगा और इसमें चीनी नागरिक भी शामिल होंगे.

इन पाकिस्तानियों में एक को बाद में पेलोड विशेषज्ञ के रूप में एक अल्पकालिक अंतरिक्ष उड़ान मिशन में भाग लेने के लिए चुना जाएगा। चीनी अंतरिक्ष एजेंसी ने गुरुवार को यह घोषणा की. एजेंसी के प्रवक्ता झांग जिंगबो ने कहा कि इस साल फरवरी में चीन और पाकिस्तान के बीच हुए एक समझौते के बाद पाकिस्तानी अंतरिक्ष यात्रियों के लिए चयन प्रक्रिया आधिकारिक तौर पर शुरू हो गयी है. चीनी अंतरिक्ष यात्रियों के लिए चयन प्रक्रिया की तरह यह प्रक्रिया प्रारंभिक चयन, दसरे दौर और अंतिम चयन में विभाजित है. प्रारंभिक चयन वर्तमान में पाकिस्तान में किया जा रहा है, जबकि दूसरा दौर और अंतिम चयन चीन में होगा. झांग ने कहा कि चयन के दूसरे दौर की तैयारियां पहले से ही चल रही हैं, प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित करना, शिक्षण सामग्री और उपकरण तैयार करना और प्रशिक्षण अवधि के दौरान रसद सहायता सुनिश्चित करना शामिल है.

बंगलादेश में दिसंबर के पहले सप्ताह तक घोषित होगी चुनाव की तारीख

ढाका, 30 अक्टूबर. बंगलादेश के मुख्य सलाहकार कार्यालय ने घोषणा की है कि देश का चुनाव आयोग इस साल दिसंबर के पहले सप्ताह तक आगामी राष्ट्रीय चुनाव की तारीख घोषित कर सकता है. मुख्य सलाहकार के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने को मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस की अध्यक्षता में चुनाव तैयारियों पर एक उच्च-स्तरीय बैठक के बाद यह घोषणा की. आलम ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, बंगलादेश के अगले राष्ट्रीय चुनाव की तारीख दिसंबर के पहले सप्ताह तक घोषित कर दी जाएगी. उन्होंने कहा कि उच्च-स्तरीय बैठक में मुख्य रूप से चार प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई.

पख्तूनख्वा में मुठभेड़, 7 आतंकवादी ढेर

पाकिस्तान फिर दहला, कुर्रम में सेना का बड़ा ऑपरेशन

इस्लामाबाद, 30 अक्टूबर . पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में सात आतंकवादी मारे गए हैं.



पाकिस्तानी सेना के छह जवान, जिनमें एक कैप्टन भी शामिल है, शहीद हो गए. यह मुठभेड़ डोगर इलाके में उस समय हुई जब सुरक्षा एजेंसियों को आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिली. इसके बाद सेना ने तत्काल अभियान शुरू किया. हालांकि ऑपरेशन के दौरान आतंकवादियों ने भारी हथियारों से जवाबी फायरिंग की, जिससे दोनों ओर जानमाल का नुकसान हुआ. सेना की मीडिया शाखा आईएसपीआर के अनुसार इलाके में अभी भी तलाशी अभियान जारी है, ताकि भागे हुए आतंकवादियों को पकड़ा जा सके. पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवाद के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियानों के बीच बुधवार को कुर्रम जिले के डोगर इलाके में एक बड़ी कार्रवाई हुई.

> इस दौरान सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच घमासान मुठभेड़ में सात आतंकवादी मारे गए, जबकि पाकिस्तानी सेना के छह जवान, जिनमें एक कैप्टन भी शामिल हैं, शहीद हो गए. पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने जारी बयान में बताया कि अभियान खुफिया सूचना के आधार पर शुरू किया गया था. जैसे ही सुरक्षा बलों ने इलाके को घेरने की कोशिश की, आतंकवादियों ने भारी हथियारों से फायरिंग शुरू कर दी.

विधानसभा में कानून बनाने की प्रक्रिया जानने का जनता को है हक : रिजिजू

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में संसद और विधानसभाओं में कानून और नीतियां कैसे बनायी जाती हैं और उनकी कार्यवाही कैसे संचालित होती है, इसे जानने का जनता को अधिकार है.

इस कार्य में नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है. रिजिजू ने यहां नेवा पर आयोजित तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश की 28 विधानसभा और विधान परिषद अपनी-अपनी कार्यवाही नेवा के माध्यम से डिजिटल करने के लिए संसदीय कार्य मंत्रालय के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कर चुकी हैं. संसदीय कार्य मंत्रालय इस कार्य की नोडल एजेंसी है. उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा अपनी सम्पूर्ण कार्यवाही का डिजिटलीकरण करने वाली पहली विधानसभा बनी है और दिल्ली विधानसभा ने इस कार्य को सबसे तेजी से संपन्न करते हुए रिकॉर्ड 90 दिनों में पूरा किया है.

बिहार विधानसभा की संपूर्ण कार्यवाही का अब नेवा के माध्यम से सीधे प्रसारण किया जाता है. उन्होंने कहा कि संसद की कार्यवाही के डिजिटल हो जाने से नये सांसदों के लिए इसे समझना अब बहुत आसान हो गया है.

लखनऊ में बनेगा 'नौसेना शौर्य संग्रहालय'

▶ सीएम योगी ने संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

लखनऊ, 30 अक्टूबर. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि लखनऊ में प्रस्तावित नौसेना शौर्य संग्रहालय भारतीय नौसेना की अदम्य शौर्यगाथाओं और हिन्द महासागर क्षेत्र में भारत की सामुद्रिक क्षमता का जीवंत प्रतीक बनेगा.

योगी ने संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक में राजधानी लखनऊ में प्रस्तावित 'नौसेना शौर्य संग्रहालय' की प्रस्तुति का अवलोकन करते हुए इसके शीघ्र निर्माण के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि समुद्र भारत की सभ्यता का मंथन स्थल रहा है, और भारतीय नौसेना उस गौरवशाली परंपरा की आधुनिक अभिव्यक्ति है. लखनऊ का यह संग्रहालय उसी परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा. बैठक में बताया गया कि संग्रहालय का स्वरूप एक जहाज के अमूर्त रूप में होगा. जहाज की रेलिंग, पोर्थोल जैसी खिड़कियाँ, नौसैनिक वास्तुकला और समुद्री प्रतीकों के साथ इसे विशिष्ट पहचान दी जाने की योजना है.

> उन्होंने निर्देश दिए कि नौसेना संग्रहालय में छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में आवश्यक जानाकारी उपलब्ध कराई जाए. प्रस्तुति में बताया गया कि परियोजना दो प्रमुख हिस्सों में विकसित हो रही है. पहली-'आईएनएस गोमती शौर्य स्मारक' और दूसरी-'नौसेना शौर्य वाटिका'. 'आईएनएस गोमती' गोदावरी श्रेणी का स्वदेशी मिसाइल फ्रिगेट है जिसने 34 वर्षों तक भारतीय नौसेना में सेवा दी और 'ऑपरेशन कैक्टस', 'ऑपरेशन पराक्रम' जैसे अभियानों में भाग लिया. इसे संरक्षित कर संग्रहालय परिसर में प्रदर्शित किया जाएगा ताकि नागरिक बहादुरी की कहानी को प्रत्यक्ष देखें. मुख्यमंत्री ने 'नौसेना शौर्य वाटिका' को परियोजना का विशेष आकर्षण बताते हुए इसके शीघ्र पूर्ण होने के निर्देश दिए.

श्रीलंका में 5 करोड़ के डिजिटल भुगतान संसाधित

कोलंबो, 30 अक्टूबर. श्रीलंका की सरकारी सेवाओं के लिए डिजिटल भुगतान प्लेटफ़ॉर्म, गॉवपे ने गुरुवार तक पांच करोड़ 60 लाख रुपये (लगभग 1.89 मिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक के लेनदेन संसाधित किए हैं. डिजिटल आर्थिक मंत्रालय ने यह जानकारी दी है. मंत्रालय ने बताया कि आज तक गॉवपे के माध्यम से 184 सरकारी संस्थानों से जुड़े कुल 37,715 लेनदेन पूरे हुए हैं, जिनकी राशि पांच करोड 68 लाख सात हजार रुपये है. यह प्लेटफ़ॉर्म नागरिकों और व्यवसायों को बैंकों और डिजिटल वित्तीय चैनलों के माध्यम से करों, जुर्माने, उपयोगिता बिलों, शिक्षा शुल्क और अन्य शुल्कों सहित कई सरकारी-संबंधित सेवाओं के लिए भुगतान करने में सुविधाजनक है. मंत्रालय ने बताया कि गॉवपे का प्रबंधन देश के राष्ट्रीय भुगतान नेटवर्क लंकापे द्वारा किया जाता है जो सूचना और संचार प्रौद्योगिकी एजेंसी और सेंट्रल बैंक ऑफ़ श्रीलंका की देखरेख में होता है. राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने फरवरी 2025 में इसे लॉन्च किया था. श्रीलंकाई का एक रुपया लगभग 0.0033 अमेरिकी डॉलर के बराबर है.

चीन अंतरिक्ष में चूहों पर करेगा शोध अध्ययन

जिक्क़ान, 30 अक्टूबर. चीन अपने अंतरिक्ष स्टेशन तियांगोंग पर चूहों पर वैज्ञानिक शोध करेगा. चीन की अंतरिक्ष एजेंसी चाईना मैन्ड स्पेस ने बताया कि दो नर और दो मादा चूहों को शेनझोउ-21 अंतरिक्ष यान से अंतरिक्ष स्टेशन ले जाया जाएगा और उन पर शोध किया जाएगा. शेनझोउ-21 को शुक्रवार रात 11-44 बजे उत्तर-पश्चिम चीन के जिउक्क़ान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से प्रक्षेपित किया जाएगा. इस यान से अंतरिक्ष यात्री झांग लू, वू फी और झांग होंगझांग रवाना होंगे. सीएमएसए के प्रवक्ता झांग जिंगबो ने शेनझोउ-21 के उड़ान भरने से एक दिन पहले संवाददाताओं को संबोधित किया. करते हुए कहा कि यह पहली बार है जब चीन चूहों पर अंतरिक्ष में प्रयोग करने जा रहा है. कक्षा में सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण जैसी अंतरिक्ष की स्थितियों का इन चूहों के व्यवहार पर पड़ने वाले असर का अध्ययन किया जाएगा.

भारत-साइप्रस संयुक्त कार्य योजना की समीक्षा

▶ जयशंकर की साइप्रस के विदेश मंत्री के साथ वार्ता

नई दिल्ली 30 अक्टूबर. विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने साइप्रस के विदेश मंत्री डॉ. कॉन्स्टेंटिनोस कोम्बोस के साथ वार्ता की.

भारत-साइप्रस संयुक्त कार्य योजना की समीक्षा के साथ-साथ वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति, क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग के बारे में व्यापक विचार विमर्श किया. डा.जयशंकर ने भारत यात्रा पर आए साइप्रस के विदेश मंत्री के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद कहा कि दोनों पक्षों ने भारत-साइप्रस संयुक्त कार्य योजना 2025-2029 की समीक्षा की.

उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति, संबंधित क्षेत्रों के विकास और बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग के बारे में भी चर्चा की. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अगले वर्ष साइप्रस के यूरोपीय संघ की अध्यक्षता संभालने के साथ भारत-यूरोपीय संघ के संबंध और अधिक मजबूत होंगे. विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट कर जानकारी दी.

> जयशंकर ने भारत के मूलभूत हितों से जुड़े मुद्दों विशेष रूप से सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में साइप्रस के निरंतर समर्थन की सराहना की. उन्होंने कहा कि हम विस्तारित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता और परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह की सदस्यता के लिए आपके निरंतर समर्थन की भी सराहना करते हैं. विदेश मंत्री ने साइप्रस की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को भी समर्थन दोहराते हुए कहा भारत, साइप्रस की संप्रभुता, प्रासंगिक प्रस्तावों अनुसार द्वि-सामुदायिक संघ के लिए अपने अटूट समर्थन को दोहराता है.

Nashik Municipal Corporation, Nashik
Public Health Engineering Department (Sewerage)
Rajiv Gandhi Bhavan, Sharanpur Road, Nashik- 422 002.
Ph. (0253) 2575631/32, 2579119 Fax: 2577936
E-Tender Notice No. 05 / 2025-26

Nashik Municipal Corporation, invites bids vide e-Tender No-05/(2025-26) for 01works .The Detailed Tender Notice & Tender documents will be available on **www.mahatenders.gov.in**. from **Dt. 31/10/2025 to Dt. 20/11/2025.**

जनसंपर्क/जा.क्र/३०९/२०२५
दि.२९/१०/२०२५

गोदा प्रदुषण टाळा, भविष्य संभाळा.

Sd/xxx
Superintending Engineer
Public Health Engineering Department (Sewerage),
Nashik Municipal Corporation, Nashik

इचलकरंजी महानगरपालिका, इचलकरंजी
जाहिर ई-निविदा सूचना क्र. ५/२०२५-२०२६

शुध्दीपत्रक

इचलकरंजी महानगरपालिका घनकचरा व्यवस्थापन विभागाकडून इचलकरंजी शहरातील नेमून दिलेल्या क्षेत्रामध्ये घनकचरा व्यवस्थापनाशी निगडीत कामकाजाकरीता मनुष्यबळ पुरविणे कामांची जाहिर ई-निविदा क्रं. ५/२०२५-२०२६ www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर प्रसिध्द करणेत आली आहे. सदर निविदेमध्ये शुध्दीपत्रक सादर करणेत आलेले आहे. तरी निविदाकारांनी निविदा भरताना याबाबतचा विचार करुन पुढील कार्यवाही करणेची आहे.
दिनांक ३०.१०.२०२५

सही/-
उपायुक्त
इचलकरंजी महानगरपालिका

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
(An Agency of Panchyat & Rural Development Department Govt. of M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. : 23AAATM9054A3ZX)
No./11993/22/D-12/MPRRDA/2025 Bhopal, Dated : 29.10.2025

NOTICE INVITING TENDER No. 1241

UPG
Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below :-
● **Name of Work : UPG (MPRRDA SSR : 01.01.2024)**

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Indore	3	51014000.00
2.	Mandsaur	1	61688000.00
3.	Raisen	1	19542000.00
4.	Satna	3	201910096.00
5.	Shivpuri	1	23195000.00

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website **from 31.10.2025 from 17:30 hrs.** and **Last Date for Online Bid Submission is 24.11.2025 (17:00 hrs.)**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and Tender Document for Construction & Maintenance of Rural Roads/Bridges Sept. 2017 on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/122755/2025 (ADMIN./TENDER)

'मेरी सड़क' एप डाउनलोड कर, फीडबेक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र. 01, ग्वालियर
ई-मेल :- mpphcgwaliorno1@gmail.com

प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, संभाग क्र. 01, ग्वालियर द्वारा निविदा क्रमांक 19/2025-26 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक- 2025_MPPHC_458932_1, 2025_MPPHC_458953_1, 2025_MPPHC_458979_1) एवं निविदा क्रमांक 22/2025-26 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक- 2025_MPPHC_459642_1) आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण Portal : **https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/122744/2025 परियोजना यंत्री

फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः तीसरी मंजिल, वालेस टावर 139-140/बी/1, सहार रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे क्रॉसिंग, विले पार्ले (पूर्व) मुंबई - 400 057. **दूरभाषः** 022- 6849 2450, **फैक्सः** 022- 6741 2313
सीआईएनः U67190MH2007PTC168303 **ईमेलः** info@phoenixarc.co.in, **वेबसाइटः** www.phoenixarc.co.in

ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के साथ। इसके द्वारा आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ताओं/गारंटियों/बंधककर्ताओं को सूचित किया जाता है कि मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (जिसे पहले एप्सायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड - समनुदेशक के रूप में जाना जाता था) द्वारा ऋण के समनुदेशन के अनुसरण में फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड को गिरवी रखी गई निम्नलिखित संपत्ति को जैसी है जहाँ है, जैसी है और बिना किसी सहारे के ऑनलाइन ई-नीलामी के माध्यम से बकाया राशि और आगे के ब्याज, शुल्क और लागत आदि की वसूली के लिए बेचा जाएगा, जैसा कि प्रतिभूति हित के नियम 8 और 9 के साथ SARFAESI अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार नीचे विस्तार से बताया गया है। (प्रवर्तन) नियम, 2002) वेबसाइट: www.phoenixarc.co.in/ के माध्यम से नीचे दिए गए विवरण के अनुसार।

ई-नीलामी की तिथि और समयः 24-11-2025 / सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)

सं. क्र.	उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ ऋण खाता	मांग सूचना की तिथि और राशि	अचल संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य, ईएमडी और ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि
1	लैनः LXGUN00416-170049326 शाखाः गुना उधारकर्ताः गुलाब सिंह धाकड़ सह-उधारकर्ताः गुड्डी धाकड़	14-08-2018 886667/- (आठ लाख छियासी हजार छह सौ सड़सठ मात्र)	सर्वे नंबर 847/1/मिनट1,पी/एच/नंबर 38, नया पी/एच/नंबर 17, वार्ड क्रमांक 1, बदरवास तहसील बदरवास तहसील बदरवास जिला शिवपुरी 473885 शिवपुरी मध्य प्रदेश	आरक्षित मूल्यः रु.96000/- (छियानवे हजार मात्र) अग्रिम जमाः रु.9600/- (नौ हजार छह सौ मात्र) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 23-11-2025
2	लैनः LXGUN00316-170036133 शाखाः गुना उधारकर्ताः संदेव आजाद कुमार सिंघल सह-उधारकर्ताः आजाद कुमार लक्ष्मीनारायण सिंघल	23-12-2020 628776/- (छह लाख अट्ठाईस हजार सात सौ छहत्तर मात्र)	क्रमांक/- 512/मिनट 2, ग्राम सुमेला, बदरवास, शिवपुरी, मध्य प्रदेश -473885	आरक्षित मूल्यः रु.70000/- (सत्तर हजार मात्र) अग्रिम जमाः रु.7000/- (सात हजार मात्र) अग्रिम जमा की अंतिम तिथिः 23-11-2025

ई-नीलामी के नियम और शर्तेंः 1. नीलामी बोली दस्तावेज के आगे के नियमों और शर्तों और उसमें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जाती है। बोलीदाता बोली संबंधी जानकारी और सहायता, ई-नीलामी के लिए रखी गई सुरक्षित संपत्ति का विवरण और ऑनलाइन जमा किए जाने वाले बोली फॉर्म के लिए हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता, मेसर्स मेसर्स आर्का ईमार्ट प्राइवेट लिमिटेड वेब पोर्टलः https://www.auctionbazaar.com/ पर जा सकते हैं। इच्छुक खरीदार उसी पोर्टल पर नीलामी के नियम और शर्तें और प्रक्रिया देख सकते हैं और तरुण रघुवंशी 9324921028 और विजय सिंह 9372505110, शैलेश अयंगर 9833801159 से संपर्क कर सकते हैं, विवरण उपर्युक्त वेब पोर्टल पर उपलब्ध हैं और उनके केंद्रीकृत हेल्प डेस्कः +91 83709 69696, ई-मेल आईडीः contact@auctionbazaar.com पर संपर्क कर सकते हैं। 2. सभी इच्छुक क्रेताओं/बोलीदाताओं को उपरोक्त पोर्टल https://www.auctionbazaar.com/ पर अपना नाम पंजीकृत कराना होगा और उपरोक्त तिथि और समय पर ई-नीलामी में भाग लेने के लिए निःशुल्क यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा। 3. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक क्रेताओं/बोलीदाताओं को सुरक्षित संपत्ति के आरक्षित मूल्य के 10% की वापसी योग्य बयाना राशि के भुगतान का विवरण, पैनकार्ड की प्रतियों, कंपनी के मामले में बोर्ड के प्रस्तावों और पते के प्रमाण के साथ उपरोक्त ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि तक या उससे पहले जमा करना होगा। इच्छुक क्रेताओं/बोलीदाताओं को ऊपर वर्णित प्रत्येक वस्तु/संपत्ति के लिए अलग-अलग ईएमडी जमा करनी होगी। 4. नीलामी के किसी भी चरण में, प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए और बिना किसी पूर्व सूचना के बोली/प्रस्ताव को स्वीकार/अस्वीकार/संशोधित/रद्द कर सकता है या नीलामी स्थगित कर सकता है। 5. सफल क्रेता/बोलीदाता को लागू कानून के अनुसार सुरक्षित संपत्ति को अपने पक्ष में हस्तांतरित/सुपुर्द करवाने के लिए देय सभी वैधानिक बकाया, कर, देय शुल्क, क्रय मूल्य पर लागू जीएसटी, स्टांप शुल्क, पंजीकरण शुल्क आदि का भुगतान करना होगा। 6. इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले, भार, नीलामी में रखी गई सुरक्षित संपत्ति के स्वामित्व और सुरक्षित संपत्तियों को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकायों, जिनमें वैधानिक बकाया आदि शामिल हैं, के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। नीलामी विज्ञापन फीनिक्स की किसी भी प्रतिबद्धता या प्रतिनिधित्व का गठन नहीं करता है और न ही करेगा। फीनिक्स का अधिकृत अधिकारी किसी भी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/बकायों के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। 7. संभावित/इच्छुक बोलीदाता को यह वचन देना होगा कि वह दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता, 2016 की धारा 29 (ए) के प्रावधानों के अनुसार अयोग्य नहीं है और केवाईसी दस्तावेजों के साथ ऐसा वचन देने में विफल रहने पर उसे स्वतः ही अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा या उसकी बोली अस्वीकार कर दी जाएगी।

स्थानः मध्य प्रदेश
दिनांकः 31.10.2025

अनुवाद में त्रुटिया विसंगति होने पर अंग्रजी संस्करण मान्य होगा

हस्ताक्षरकर्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी, फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड

जयंती | **आज मनाई जाएगी सरदार पटेल की 150वीं जन्म जयंती**

राष्ट्रीय एकता का स्तंभ सरदार वल्लभ भाई पटेल

नईदिल्ली, 30 अक्टूबर. राष्ट्रीय एकता दिवस, हर साल 31 अक्टूबर को मनाया जाता है, जो राष्ट्रीय चुनौतियों के बीच विविधता में एकता को बढ़ावा देते हुए भारत को एकीकृत करने में सरदार वल्लभभाई पटेल की विरासत का सम्मान करता है.

वर्ष 2025 सरदार पटेल की 150वीं जन्म जयंती है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केवडिया के एकता नगर में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में भाग लेंगे. रन फॉर यूनिटी व यूनिटी मार्च जैसे वार्षिक कार्यक्रम नागरिकों, विशेषकर युवाओं को देशभक्ति और



सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने में शामिल करते हैं. परिचय राष्ट्रीय एकता दिवस, जिसे नेशनल यूनिटी डे के रूप में भी जाना जाता है. 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर भारत में राष्ट्रीय और राजनीतिक एकीकरण और एकता को बढ़ावा देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के सम्मान में मनाया जाता है. यह दिन राष्ट्र की संप्रभुता, शांति और अखंडता को बनाए रखने के महत्व को रेखांकित करता है. राष्ट्र निर्माण में सरदार पटेल के उल्लेखनीय योगदान को सम्मानित करने और इसका उत्सव मनाने के लिए भारत सरकार द्वारा की गई घोषणा के बाद यह दिवस पहली बार 2014 में मनाया था. 31 अक्टूबर, 2015 को राष्ट्रीय एकता दिवस के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के बीच बेहतर समझ और आपसी संबंध बनाने के लिए उनके बीच सतत और संरचित संपर्क हेतु 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल की घोषणा की.

> वल्लभभाई पटेल ने 1947 में स्वतंत्रता के बाद राष्ट्रीय एकीकरण प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. उन्हें 560 से अधिक रियासतों को एकीकृत करने का कार्य सौंपा था जो भारत के क्षेत्रफल और जनसंख्या का लगभग 40 प्रतिशत था. उन्हें भारत संघ में शामिल करने का कार्य सौंपा था. स्वतंत्रता अधिनियम के तहत, रियासतों के शासकों को यह निर्णय लेने का विकल्प दिया था कि वे भारत या पाकिस्तान में से किसी में भी शामिल होना चाहते हैं या नहीं. सरदार पटेल ने विभाजन को रोकने के लिए कूटनीतिक वार्ता, अनुनय-विनय और जहां आवश्यक हो, वहां दृढ़ प्रशासनिक उपायों का संयोजन अपनाया. अपने नेतृत्व वाले राज्य विभाग के माध्यम से, सरदार पटेल ने 15 अगस्त 1947 तक या उसके तुरंत बाद इन राज्यों को सफलतापूर्वक एकीकृत किया.